संख्या- 99 /2017 / 1744 /चार-2017-34(बजट)/ 2014

प्रेषक,

लुटावन राम
उप सचिव ,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 29 अगस्त, 2017

विषय:- वित्तीय वर्ष 2017-18 में जनपद लखनऊ के लाल बारादरी में स्थित राज्य ललित कला अकादमी के वीथिकाओं के निर्माण कराये जाने की प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 1546/सं0नि0-6(94)/2015-16 दिनांक 21 अगस्त, 2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद लखनऊ के लाल बारादरी में स्थित राज्य ललित कला अकादमी के वीथिकाओं के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था-उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा धनराशि रू0 2372.00 लाख के उपलब्ध कराये गये आगणन का परीक्षण प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा करते हुए कार्य की मूल्यांकित लागत रू0 2227.19 लाख के सापेक्ष शासनादेश संख्या-160/2016/354/चार-2016-34(बजट)/2014 दिनांक 20 अक्टूबर,2016 द्वारा रू0 138.83 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। तद्क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रश्नगत कार्य हेतु रू0 300.00 लाख (रूपये तीन करोड मात्र) का बजट प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष रू0 300.00 लाख (रूपये तीन करोड मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- शासनादेश संख्या-160/2016/354/चार-2016-34(बजट)/2014 दिनांक 20 अक्टूबर,2016 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3- उपर्युक्त स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या-92 के अधीन लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-101-ललित कला शिक्षा-06-उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी , लखनऊ को अनुदान-20-सहायता अनुदान -सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017 दिनांक 02 जनवरी, 2017 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(लुटावन राम)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या- 99 /2017/ 1744 /चार-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, ग्लोबल सेल, आवास विकास परिषद, नीलगिरी काम्पलेक्स, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- सचिव, उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी,लखनऊ।
6- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4,
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(लुटावन राम)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/